आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए एक सौ चौरासी करोड़ रुपये की धनराशि के अनुमोदन का मंजूरी दी।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता उत्तराखंड उच्च न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे।
- सतर्कता विभाग ने हरिद्वार जिले के खंड शिक्षा अधिकारी, बहादराबाद को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।
- हरिद्वार को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान पिछले एक माह से लगातार जारी।

अनुमोदन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में अवस्थापना सुविधाओं के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के लिए लगभग एक सौ चौरासी करोड़ रुपये की धनराशि के अनुमोदन को मंजूरी दी है। यह राशि सड़क, रोपवे, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा और अन्य विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी।

स्वीकृत योजनाओं में मसूरी और रानीबाग से नैनीताल मार्ग पर रोपवे के लिए फिजिबिलिटी अध्ययन, यमनोत्री क्षेत्र में सड़क और हेलीपैड से जुड़े कार्य, हरिद्वार के मंगलौर–रुड़की आवासीय परियोजना के पहुंच मार्ग का निर्माण और राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर के निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा कोटद्वार में ए.बी.सी सेंटर और देहरादून व टिहरी के चयनित विद्यालयों के निर्माण के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है।

मुख्यमंत्री ने शारदा घाट पुनर्विकास परियोजना, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय परिसरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग संसाधनों के लिए जनरेटर की खरीद तथा खटीमा क्षेत्र में बिगराबाग से चकरपुर मार्ग के उन्नयन के लिए भी धनराशि को मंजूरी दी है।

उत्तराखंड के अगले मुख्य न्यायाधीश

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता उत्तराखंड उच्च न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। उच्च न्यायालय की कॉलेजियम ने उनकी नियुक्ति की सिफारिश की है। यह निर्णय कल हुई कॉलेजियम की बैठक में लिया गया।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश अगले साल 9 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता कार्यभार संभालेंगे। कॉलेजियम ने अन्य राज्यों के कुछ उच्च न्यायालयों के लिए भी नए मुख्य न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। इन सिफारिशों को अब केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा, जिसके बाद राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक नियुक्ति की जाएगी।

## पिरूल ब्रीकेट प्रशिक्षण कार्यशाला

चम्पावत जिले के महिला प्रौद्योगिकी केंद्र में महिलाओं के लिए दो दिवसीय पिरूल ब्रीकेट और पेपर निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। पिछड़ी जाति की महिलाओं के लिए आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ युकास्ट के निदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने किया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने कहा कि पिरूल जहां जंगलों में आग का कारण बनता है, वहीं वैज्ञानिक तरीके से इसका उपयोग आजीविका का अच्छा साधन बन सकता है।

महिला प्रौद्योगिकी केंद्र के प्रभारी राजेंद्र मठपाल ने बताया कि उत्तराखंड के सीमांत और दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में चम्पावत में पिरूल से ब्रीकेट और पेपर बनाने का य दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भाग ले रही हैं।

## शिविर आयोजन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर चल रहे "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान के दूसरे दिन प्रदेश की विभिन्न न्याय पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में जन–समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया और बड़ी संख्या में पात्र ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की जन–कल्याणकारी योजनाओं से मौके पर ही लाभान्वित किया गया।

पौड़ी गढ़वाल, चमोली, हरिद्वार, उत्तरकाशी, नैनीताल, बागेश्वर और ऊधमसिंह नगर जिलों में आयोजित शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण, प्रमाण पत्र, पेंशन, श्रम पंजीकरण, कृषि, पशुपालन और अन्य विभागीय सेवाएं प्रदान की गईं। अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों के आयोजन में 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि' के मूल मंत्र का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शिविर सुव्यवस्थित हों और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

अभियान के माध्यम से सरकार का उद्देश्य जन–समस्याओं का त्वरित समाधान कर योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना है।

रिश्वत / गिरफ़्तारी

सतर्कता विभाग ने हरिद्वार जिले के खंड शिक्षा अधिकारी बहादराबाद बृजपाल सिंह राठौड़ को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस देहरादून की टीम ने यह कार्रवाई विकास भवन रोशनाबाद में की, जहां आरोपी को पुलिस मॉडर्न स्कूल की मान्यता और नवीनीकरण से जुड़े कार्यों के एवज में रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को वैधानिक कार्रवाई के लिए देहरादून ले जाया गया।

स्वच्छ और सुंदर हरिद्वार

धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान पिछले एक माह से लगातार जारी है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों से लेकर गांव, कस्बों और राष्ट्रीय राजमार्गों तक सफाई कार्य किया जा रहा है, जिसकी निगरानी जिलाधिकारी मयूर दीक्षित स्वयं कर रहे हैं।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी कर रहे हैं। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कचरा हटाने, सड़कों, डिवाइडरों, सार्वजनिक स्थलों और औद्योगिक क्षेत्रों में साफ–सफाई कराई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिला समूहों और स्थानीय प्रशासन के माध्यम से सफाई अभियान चलाया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

प्रशासन का कहना है कि लगातार चल रहे इस अभियान का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है और ज़िले को स्वच्छ बनाने और एक मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

आई०टी०डी०ए समीक्षा

राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी सेवाओं के लिए आई०टी०डी०ए, सभी विभागों के लिए एकल नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी। सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) की समीक्षा में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों की वेबसाइट और ऐप आईटीडीए द्वारा विकसित की जानी हैं, इसके लिए एजेंसी को अपनी तकनीकी क्षमताएं बढ़ानी होंगी।

उन्होंने *स्टेट डेटा सेंटर टू प्वाइंट ज़ीरो* को शीघ्र तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही आईटीडीए को मजबूत बनाने के लिए बजट प्रावधान सुनिश्चित करने और विभागों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आने वाले 5 से 10 वर्षों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्थाएं विकसित करने को कहा।

मुख्य सचिव ने विभागों की वेबसाइट और ऐप के निर्माण व संचालन के लिए जल्द मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी तैयार करने के निर्देश भी दिए।

शीतलहर/ज़िलाधिकारी निरीक्षण

सर्दियों के मौसम में शीत लहर से बेसहारा, असहाय और गरीब लोगों को राहत देने के लिए हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में बने रैन बसेरों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरों में साफ–सफाई, हीटर, बिस्तर और अन्य सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए तथा चादर और रजाई कवर की नियमित धुलाई सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी रैन बसेरों का विद्युत लोड ऑडिट कराने और किसी भी व्यक्ति से सुविधा शुल्क न लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ज़िले के प्रमुख चौराहों, स्थलों और घाटों पर अलाव जलाने के भी आदेश दिए। हर की पैड़ी क्षेत्र और शिव पुल से ओम पुल तक घाटों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी नगर निगम को दिए गए।

जिलाधिकारी ने मौके पर जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए और कहा कि शीत लहर के दौरान कंबल वितरण का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, नींबूवाला में कल विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य सभी समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहन राशि और शिक्षा ऋण जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।